**श्री स्वर्ण सिंह** : कोई चार्जेज नहीं लगाये गये क्योंकि कोई उसका सबूत नहीं मिल सका है ।

**श्री यशपाल सिंह** : क्या एक माननीय संसद् सदस्य का बयान इसके लिये काफ़ी नहीं था ?

**अध्यक्ष महोदय** : आर्डर आर्डर ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या मैं जान सकता हूं कि प्रत्यक्ष यह जो जांच हुई है उस में कोआपरेटिव स्टोर के चेयरमैन को भी दोषी पाया गया है और परिणामस्वरूप खाद्य और कृषि मंत्रालय इस कोआपरेटिव स्टोर से अपना लाइसेंस वापिस लेने की या किसी और प्रकार की कार्यवाही करने का विचार कर रहा है ?

**श्री स्वर्ण सिंह** : जहां तक चेयरमैन कोआपरेटिव स्टोर का सम्बन्ध है उस के खिलाफ को जुर्म बज़ाहिर साबित नहीं हुआ । जहां तक दूसरे हिस्से का सम्बन्ध है होम मिनिस्टर साहब ने यहां कहा था कि वह कुछ और इस बात की जांच कर रहे हैं और मेरा ख्याल है कि कोई आखिरी फैसला अभी तक नहीं किया है ।

**श्री किशन पटनायक** : विधि मंत्री ने सदन् में बताया था कि सोसाइटी के एकाउंट में गड़बड़ के बारे में भी तहक़ीक़ात हो रही है तो उस जांच का क्या परिणाम अभी तक निकला है ?

**श्री स्वर्ण सिंह** : जहां तक मुझे पता है उस के ऊपर अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है ।

**Dr. L. M. Singhvi:** In answer to a question put by Shri Prakash Vir Shastri the Minister did not reply to the part which related to the imposition of penalty on the co-operative society which is suspected or accused of perpetrating profiteering on the consumers.

**Shri Swaran Singh:** That will depend upon the further investigation or further looking into, about which the Home Minister had stated when the debate took place some days ago.

**Casual Labour**

***1114. Shri A. P. Sharma:** Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1401 on the 10th December, 1963 and state.

(a) whether it is a fact that the casual labour employed by the Railway Department at Andal on the Eastern Railway and at Rourkela, Bhilai and Ranchi on the South Eastern Railway are paid less wages than those paid to the similar labour employed by the Central Government Undertakings at Durgapur, Rourkela Bhilai and Ranchi; and

(b) if so, the reasons therefor?

**The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Shah Nawaz Khan):** (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**Shri A. P. Sharma:** Is the Minister also aware that even substitutes who are engaged in lieu of the permanent employees are paid on an average of Rs. 3 per day and casual labours are paid less?

**Shri Shah Nawaz Khan:** I submit we are collecting the information.

**Shri D. N. Tiwary:** Have Government fixed any uniform rate to be paid to casual labour on all railways or does it vary with each Railway?

**Shri Shahnawaz Khan:** Normally the casual labour are paid at the same rates as the rates prevailing in the local market.

**Shri P. N. Kayal:** What is the maximum period served by casual labour on the railways?

**Shri Shahnawaz Khan:** Normally, they do not serve for very long periods. It is a few months at a time.

**Shrimati Savitri Nigam:** Is the hon. Minister aware that even amongst casual labourers, women labourers are paid less than the men labourers?

**Shri Shahnawaz Khan:** The rates are same as are prevailing in the locality.

**श्री ह० च० सोय :** क्या मंत्री महोदय को इस की जानकारी है कि कैजुअल लेबर क़रीब क़रीब हर महीने भरती की जाती है और एक महीना उनको नौकरी में रख कर दूसरे महीने के आखिर में उनकी छंटनी कर दी जाती है और तीसरे महीने में किसी वक्त फिर उनकी बहाली हो जाती है ?

**श्री शाहनवाज खां :** जब जरूरत होती है तो उन को रख लिया जता है और जब जरूरत नहीं होती है तो उन को छुट्टी दे दी जाती है ।

**Shri P. Venkatasubbaiah:** Will such of those casual labourers who were working formerly be given preference at the time of re-employment of such labour?

**Shri Shahnawaz Khan:** Their cases are considered along with others, keeping in view the fact that they had worked on the railways for some time.

**सियालदह एक्सप्रेस में पाई गई लाश**

\+

*१११५. { श्री कछवाय : श्री ओंकार लाल बेरवा : श्री विश्वनाथ पाण्डेय : }

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि २७ मार्च, १९६४ को जब सियालदह एक्सप्रेस ११ म० पू० दिल्ली पहुंची तो उसके प्रथम श्रेणी के डिब्बों में एक युवक की लाश मिली थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त युवक वाराणसी के डीजल इंजन कारखाने में काम करता था और वह वाराणसी के रेलवे के एक उच्चाधिकारी के साथ गाड़ी में चढ़ा था ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार को ज्ञात हो गया है कि वह उच्चाधिकारी कौन था और युवक की हत्या किस उद्देश्य से की गई थी ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri S. V. Ramaswamy):** (a) Yes.

(b) No.

(c) The deceased was identified to be Shri Kanwal Kishore Seth, Assistant Surgeon of North Eastern Railway Hospital Varanasi. Motive behind the murder appears to be robbery.

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या यह सच है कि वह रेलवे का अफसर इस वक्त ड्यूटी पर काम कर रहा है और उसे गिरफ्तार नहीं किया गया तो उसका क्या कारण है ।

**Mr. Speaker:** Is the officer still on duty? And why has he not been arrested?

**Shri S. V. Ramaswamy:** We do not know who killed him.

**The Minister of Railways (Shri Dasappa):** There is no question of any officer involved in this.

**Mr. Speaker:** He presumes some officer was travelling.

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** इस प्रश्न के उत्तर में "हां" कहा गया है कि क्या वह एक रेलवे आफिसर के साथ ट्रेवल कर रहा था ।

**अध्यक्ष महोदय :** "हां" तो सवाल के पार्ट (ए) के जवाव में कहा गया है । रेलवे आफिसर के साथ ट्रेवल करने की बात पार्ट (बी) में पूछी गई है, जिस के जवाब में कहा गया है, "नहीं" ।

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** श्रीमान्, उस रेलवे आफिसर को बचाया जा रहा है ।